कई जिलों में निजी इंडस्ट्रियल पार्क बनाने के लिए जमीन चिह्नित

लखनऊ। प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए अब कई जिलों में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क बनाने के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। जिन जिलों में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने का सरकार का इरादा है, उनमें लखनऊ, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, औरया, हमीरपुर, जालौन, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, आजमगढ़, अंबेडकर नगर, गोरखपुर और प्रयागराज को शामिल किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर औद्योगिक विकास विभाग ने एक्सप्रेस-वे के किनारे 15 शहरों में करीब 9000 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की है।

प्रतापगढ़ में ऑटो ट्रैक्टर की भूमि पर प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाने की योजना

प्रदेश में पहला एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल पार्क आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के नजदीक उन्नाव में बनेगा। इस प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के लिए जिले के बरौली कलां गांव में जमीन चिह्नित की गई है। इन प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट, फूड प्रोसेसिंग, परफ्यूम, पीतल के उत्पाद, खिलौने और इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने वाले उद्योग लगाए जा सकेंगे। इसके अलावा प्रतापगढ़ में आटो ट्रैक्टर लिमिटेड की भूमि पर भी प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाने की योजना है। आटो ट्रैक्टर लिमिटेड वर्ष 1972 से बंद पड़ी हैं। ब्यूरो